ISSUE NO.-01/माहः जुलाई, अगस्त, सितम्बर 2024

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Bihar, Vaishali AN AISECT GROUP UNIVERSITY

# NEWS LETTER






**Prof. Arvind Chaturvedi**
Chancellor
Dr. C.V. Raman University

## Chancellor Message

Dr. C.V. Raman University, Bihar, is an integral part of the esteemed AISECT Group of Universities (AGU), which has set a benchmark in skill-based education across India. With its robust presence in Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Jharkhand, and now Bihar, the AISECT Group is redefining the landscape of higher education by blending affordability, accessibility, and quality. Each of our universities, including Dr. CVRU Bihar, is a powerhouse of knowledge, skill development, and holistic growth, creating dynamic individuals prepared for the challenges of the modern world.

At CVRU Bihar, we strive to cultivate a nurturing and stimulating environment where students can grow academically, professionally, and personally. Our lush green campus is equipped with world-class infrastructure, cutting-edge digital tools, industry-aligned curricula, and highly qualified faculty members with rich industrial and academic experience. The university also boasts a vibrant Student Activity Council (SAC), which organizes numerous events-academic, cultural, social, and sports-related-fostering a well-rounded and dynamic campus life.

We are deeply committed to building strong connections with the surrounding community, ensuring that our academic endeavors have meaningful societal impact. Our focus on skill development, research-driven initiatives, and an active industry-institute interface makes our graduates not only career-ready but also capable of contributing significantly to the vision of a New India. As we reflect on the milestones achieved and the path ahead, I would like to extend my heartfelt wishes to the students, faculty, and staff of Dr. C.V. Raman University, Bihar. Your dedication and enthusiasm are the pillars of our collective success.

Together, we will continue to create an inspiring academic ecosystem that empowers young minds to realize their potential and make a difference in the world. I look forward to an exciting and fruitful year ahead for all of us.



**Dr. M.L. Gaur**
Vice-Chancellor
Dr. C.V. Raman University

## Vice-Chancellor Message

Dear students, faculty, staff and whole AISECT family,

It fills me with immense pride to connect with you all through this edition of the Quarterly Newsletter of Dr. C.V. Raman University, Vaishali, Bihar. This publication reflects the vibrancy and progress of our university as we continue to uphold the ideals of excellence, innovation, and inclusivity in higher education. I am highly pleased to address all through this inaugural edition of newsletter, which represents not just a new beginning but also a reflection of the remarkable journey we have undertaken in our pursuit of academic excellence, innovation, and societal contributions. The academic year under review has been truly transformative. During this period, we have significantly enhanced our academic, research, and collaborative frameworks. Our efforts to establish new connections with regional, national, and global agencies have opened avenues for groundbreaking initiatives in teaching, training, research, consultancy, internships, and industrial collaborations. These partnerships aim to bridge the gap between academia and real-world challenges, preparing our students to excel in a dynamic world.

A key highlight has been the signing of several Memoranda of Understanding (MoUs) that mark a new chapter in our university's achievements. Among these is a pioneering collaboration with the Rubber Board of India and the Indian Rubber Research Institute, Kerala, to introduce rubber cultivation and innovative R&D in Bihar. This initiative is a testament to our commitment to driving regional development through scientific and practical solutions. We have also strengthened our association with sister universities within the AISECT group. These collaborative efforts reflect our vision of working collectively to expand the scope of academic and research pursuits, creating a cohesive and impactful academic ecosystem.

Innovative academic programs and smart courses tailored to contemporary needs are being developed and implemented. These efforts not only enrich our curriculum but also equip our students with skills that align with the demands of the modern job market and society at large. This year, Dr. C.V. Raman University, Vaishali, Bihar has emerged as a shining star, achieving a record number of awards and recognitions within the AISECT group of universities. This milestone underlines our commitment to excellence in every sphere, from academics to administration, research to student support. These accomplishments have firmly placed us on the national and global academic maps, as we continue to build meaningful connections with reputed international institutions. While this newsletter showcases many of our achievements, several significant milestones could not be included due to time & space constraints. We assure you that these will be featured in subsequent issues, reflecting our continuous efforts to raise the bar of excellence.

I take this opportunity to express my deepest gratitude to Er. Santosh Chaubey ji, our Hon'ble Chairman of the AISECT group of universities. His visionary leadership, unwavering support, and encouragement have been instrumental in enabling our university to thrive, even in the face of challenges posed by its remote location. I am equally grateful to our Hon'ble Chancellor, Shri Arvind Chaturvedi ji, and Hon'ble AGU Director, Madam Aditi Chaturvedi ji, for their invaluable guidance and support in all our endeavors. To my esteemed faculty, dedicated scholars, and hardworking staff, I want to acknowledge and appreciate your tireless efforts and contributions. You are the backbone of our institution, and it is your collective dedication that has made these achievements possible. Together, we will continue to pursue excellence, delivering impactful contributions to society, science, and ecology while fulfilling the aspirations of the National Education Policy and the next generation of scholars. This newsletter is a celebration of our shared achievements and a symbol of the bright future we are building together. Let us take this opportunity to rededicate ourselves to our mission of creating a better Bihar, a better India, and a better world. Congratulations to the entire Dr. C.V. Raman University family on this landmark publication! With warm regards and best wishes,



**Dr. Basant Kumar Singh**
Pro-Vice Chancellor
Dr. C.V. Raman University

## Pro-Vice Chancellor Message

As we conclude this quarter of year, I take immense pride in presenting this report for Dr. C.V. Raman University, Vaishali, Bihar. It stands as a testament to our relentless pursuit of academic excellence, innovative research, and the holistic development of our students. This quarter has been transformative for the university in many ways. We have seized new opportunities and successfully navigated challenges, achieving significant milestones in our journey. Our academic programs have expanded with the introduction of new courses and curricula, meticulously designed to address the evolving needs of the job market and society. Our esteemed faculty members have been instrumental in this progress, displaying exemplary dedication to teaching, mentoring, and enriching the academic experience of our students.

Research and innovation have remained at the heart of our endeavors. Faculty and students have engaged in groundbreaking research across various disciplines, contributing to meaningful advancements in knowledge. Strengthened research facilities and collaborations with institutions and industries have cultivated an environment that fosters creativity and inquiry. We are equally devoted to nurturing socially responsible and well-rounded individuals. Through diverse extracurricular activities, impactful community outreach programs, and initiatives promoting social responsibility, we are equipping our students to become future leaders who can effectively address global challenges.

This period also witnessed significant progress in infrastructure development and the adoption of advanced technologies to enhance the learning environment. Our commitment to creating a sustainable, inclusive, and empowering campus has ensured that every member of our university community feels valued and supported. As we move forward, I extend my deepest gratitude to our dedicated faculty, staff, students, and stakeholders for their unwavering contributions. Together, we have built a vibrant academic ecosystem that truly reflects the ethos of Dr. C.V. Raman University. Let us continue striving for excellence, inspire one another, and aim higher as we build on our achievements. I am confident that with our collective commitment and vision, we will reach even greater heights in the coming years.



**Dr. Birjesh Singh**
Registrar
Dr. C.V. Raman University

## Registrar Message

Dear Students,

The wealth of a nation consists in the number of educated men and women. In such a competitive world it is very important for a nation to ensure that besides a sound education, our students must have the ability to engage and win globally. So keeping this in mind, we at CVRU are committed for all round development of our students. Our mission is to train and develop professionals in positive, healthy and vibrant environment. We have a team of committed staff, which gives full support to explore the full potential of the students.

We are confident that our academic endeavors will respond a great success in a short span of time in the coming future.

## डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का उद्घाटन







### भगवानपुर स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन 09 जुलाई 2024 को विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष श्री संतोष चौबे जी द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. अरविन्द चतुर्वेदी, कुलपति डॉ. एम.एल. गौर, प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह, डीन अकादमिक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, डीन छात्र कल्याण अमरीश कुमार सिंह, स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सीतेश कुमार सिन्हा, आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलसचिव डॉ. मुनीश गोविन्द, और रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के मुख्य वित्तीय एवं लेखा अधिकारी डॉ. विनीत शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद, सभी अतिथियों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलन प्रज्वलन किया गया । यह भवन विश्वविद्यालय के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है, जो संस्थान के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री संतोष चौबे ने विश्वविद्यालय के विकास और प्रगति की दिशा में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, "प्रशासनिक भवन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भवन न केवल विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक नया और सुसंगत कार्यक्षेत्र प्रदान करेगा, बल्कि इससे विश्वविद्यालय के शैक्षिक और अनुसंधान कार्यों को और भी अधिक व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा सकेगा।" उन्होंने यह भी कहा कि, "किसी भी विश्वविद्यालय का दिल उसका प्रशासनिक भवन होता है। अगर यह भवन कार्यशील और सुव्यवस्थित है, तो विश्वविद्यालय का संचालन भी सुचारू रूप से होता है।" इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कविता के माध्यम से उन्हें उनके लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए उत्साहित किया। इस उद्घाटन से विश्वविद्यालय के शैक्षिक और प्रशासनिक कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी और यह विश्वविद्यालय के विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी व्यक्तियों ने न केवल इस नवनिर्मित भवन को शुभकामनाएं दीं, बल्कि इसके माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रगति की दिशा में नए अवसरों की भी कामना की।

# डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने AGU Aspire 2024 में लहराया परचम

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने 20 सितंबर 2024 को आइसेक्ट द्वारा आयोजित AGU Aspire 2024 कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को पहचान देना था। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से **आनंद कुमार**, जो कि **Super 30** के संस्थापक और प्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञ हैं, मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उनके प्रेरणादायक संबोधन ने शिक्षा के महत्व और छात्रों को उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करने के लिए उनके प्रयासों को लेकर गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों और शिक्षकों ने आनंद कुमार के साथ-साथ कई अन्य प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से शिक्षा, प्रेरणा और जीवन के मूल्य पर विचार साझा किए।

इस कार्यक्रम में एक और खास बात यह रही कि **डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय** को Admission Excellence Award, Most Effective AGU Reporting Award, Student Attendance Achievement Award, Pathfinder Award for Outstanding Placement Excellence और Centre of Excellence Distinction जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**डॉ. एम.एल. गौर,** विश्वविद्यालय के कुलपति, **डॉ. ब्रिजेश सिंह,** कुलसचिव, और **अमरीश कुमार सिंह,** उपकुलसचिव ने विश्वविद्यालय की ओर से ये पुरस्कार प्राप्त किए। इसके साथ ही, विश्वविद्यालय के अन्य प्रमुख शिक्षकगण भी इस सम्मान समारोह में शामिल थें।

The Roots Band द्वारा प्रस्तुत संगीत कार्यक्रम ने समां बांध दिया और सभी उपस्थित लोगों को अपनी अद्वितीय धुनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संगीत का समावेश शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और कला की महत्ता को भी दर्शाता है। इस आयोजन ने एक बार फिर से डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता की दिशा में किए गए प्रयासों को साबित किया और इसे शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम मानक स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया। AGU Aspire 2024 ने न केवल विश्वविद्यालय को सम्मानित किया, बल्कि यह सुनिश्चित किया कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की यात्रा निरंतर जारी रहे।











# डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में "कॉलेज के टशनबाज" कार्यक्रम के द्वारा मिली छात्रों को नई उड़ान










डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर, वैशाली, बिहार में रेड एफएम 94.3 (मुजफ्फरपुर) द्वारा आयोजित "कॉलेज के टशनबाज" कार्यक्रम द्वारा छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु एक वैश्विक मंच प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, कविता पाठ और चित्रकला की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में नीरज कुमार (ग्रुप मैनेजर), RJ प्रियदर्शी और घनश्याम सिंह जज के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा RJ महिमा, RJ प्रशांत, रौनक, सुभाष और इरफान ने कार्यक्रम में सहयोग दिया और पूरे आयोजन को जीवंत बनाया। इस प्रतियोगिता में 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें नृत्य प्रतियोगिता में पुष्पांजलि, खुशी, अंजलि, तृप्ति, स्नेहा, जावेद, संजना, गीतांजलि, शुभम, सुरभि, रागिनी, आयुषी, श्रेया, पंखुड़ी, अंकित, काजल, गुलशन, दिवाकर, साक्षी, और अनीशा ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कविता पाठ में दिवाकर और ऋतुराज ने अपनी कविता का पाठ किया, जबकि संगीत में धीरज, आयुष, पल्लवी और अंकित ने अपनी गायन क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रैंड फिनाले के लिए दो विजेताओं का चयन किया गया। पहले स्थान पर BBA की छात्रा खुशी कुमारी और दूसरे स्थान पर B.Tech की छात्रा साक्षी कुमारी चुनी गईं। इसके अलावा, एक और ग्रुप को तीसरे स्थान के लिए नामित किया गया, जिसके सदस्य आयुषी, श्रेया और करिश्मा थीं। कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा वोटिंग के माध्यम से इन्हें ग्रैंड फिनाले में प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. एल. गौर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण अधिकारी अमरीश कुमार सिंह के प्रयासों से आयोजित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच न केवल कला और संस्कृति के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि इसने उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का भी एक बेहतरीन मंच प्रदान किया।



# विश्वविद्यालय में दिक्षारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन










डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर, वैशाली, बिहार में नव प्रवेशित छात्रों के लिए पाँच दिवसीय स्वागत समारोह का आयोजन दीक्षारंभ के रूप में किया गया। यह समारोह 10 सितंबर 2024 से प्रारंभ होकर 14 सितंबर 2024 तक चला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का विश्वविद्यालय में स्वागत करना और उन्हें नए शैक्षिक वातावरण से परिचित कराना था। समारोह के पहले दिन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. एल. गौर, कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह और मुख्य अतिथि, दूरदर्शन की एंकर अर्पिता स्नेह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की। वहीं दुसरे दिन के मुख्य अतिथि 2बिहार, बटालियन, मुजफ्फरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के सी उपाध्याय थे| पहले दिन का दीक्षारंभ फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बीसीए और पीजीडीसीए के नए छात्रों के लिए हुआ। समारोह के दूसरे दिन एग्रीकल्चर और साइंस डिपार्टमेंट के छात्रों का दीक्षारंभ किया गया, जबकि तीसरे दिन मैनेजमेंट और आर्ट डिपार्टमेंट के छात्रों के लिए दीक्षारंभ आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय के अकादमिक प्रणाली, स्टूडेंट एक्टिव काउंसिल, एंटी रैगिंग एंड एंटी डिसिप्लिनरी समिति से परिचित कराया गया। साथ ही, सीनियर छात्रों का नए छात्रों से परिचित भी करवाया गया। इस पाँच दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का उद्देश्य छात्रों को न केवल शैक्षणिक जानकारी प्रदान करना था, बल्कि उनके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए आवश्यक गतिविधियों का आयोजन करना भी था। विश्वविद्यालय का मानना है कि यह दीक्षारंभ छात्रों की हेजिटेशन को दूर करने में मदद करेगा और वे अपनी प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने में सक्षम होंगे।

इस समारोह के दौरान, छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों और विनियमों के बारे में डिप्टी डीन अकादमिक प्रो. शांतनु द्वारा बताया गया। इसके बाद, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. संजीत ने छात्रों को विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट और कैम्पस लाइफस्टाइल के बारे में जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह द्वारा छात्रों का स्वागत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपने अपने उज्जवल भविष्य के लिए इस विश्वविद्यालय को चुना, इसके लिए आपको धन्यवाद। यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के लिए सबसे अच्छा प्लेटफ़ॉर्म है। यहां के सभी फैकल्टी सदस्य आपके कौशल और गुणवत्ता को निखारने में पूरी मदद करेंगे। यह संस्थान आपको न केवल आपके गांव और जिले में, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने का मौका देगा। कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ० एम० एल० गौर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, "हमें अपने दिमाग को नवाचार (Innovation) के लिए तैयार करना चाहिए, ताकि हम दुनिया में अपनी पहचान बना सकें। हमें ऐसा सपना देखना चाहिए जिसे पूरा करने के लिए हम सोना छोड़ दें। हम इस सपने को इस संस्था के माध्यम से पूरा करेंगे।" यह पाँच दिवसीय दीक्षारंभ समारोह, विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण और नई शिक्षा नीति (NEP 2020) को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिससे छात्रों को एक समग्र और प्रभावी शिक्षा मिल सके।

# डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा फहराया गया और देशभक्ति के रंग में रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें अभी भी देश को पूर्ण रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए बहुत कुछ करना है। उन्होंने कहा कि हम तभी सच्चे मायने में स्वतंत्र होंगे जब हमारा देश 100% शिक्षित होगा। उन्होंने सभी से देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता इस स्वतंत्रता दिवस से भी ज्यादा प्रसन्न तब होगी जब पूरे भारतवासी आत्मनिर्भर होंगे। उन्होंने छात्रों से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने मार्चपास किया और कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पल्लवी कुमारी को सीनियर अंडर ऑफिसर, उज्जवल आनंद, श्वेता कुमारी को अंडर ऑफिसर, बेबी कुमारी, दीदार अली, मनोहर कुमार को सार्जेंट का पद प्रदान किया गया। एनसीसी पीआई स्टाफ शोएब अख्तर ने कैडेट्स का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए, नृत्य किया और भाषण दिए। ऋतुराज, पल्लवी, दिवाकर, अनीशा, आयुष राज, सानिया, सोनिया, स्नेहा, आर्ची, शिवाली, श्रेया और आयुषी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। छात्रा साक्षी सौरव ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, डीन छात्र कल्याण प्रोफेसर अमरीश कुमार सिंह और अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।









## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिहार ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत 20 जुलाई, 2024 को जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस अवसर पर डॉ. ज्योत्स्ना, जो मेदांता अस्पताल की प्रमुख चिकित्सक थीं, उन्होंने मुख्य चिकित्सक के रूप में शिविर में अपनी सेवाएं दीं। विश्वविद्यालय की ओर से डीन छात्र कल्याण, श्री अमरीश कुमार सिंह ने मुख्य आयोजक के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

**शिविर की मुख्य विशेषताएं:**

- **निःशुल्क जांचें:** शिविर में वजन, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और ऑक्सीजन लेवल जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं।
- **डॉक्टरी परामर्श:** लोगों को अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया गया।
- **व्यापक पहुंच:** शिविर में विश्वविद्यालय के साथ-साथ आसपास के गांवों जैसे बांथू, किरतपुर राजाराम और बेलवर के लगभग 86 लोगों ने भाग लिया।
- **स्वास्थ्य जागरूकता:** शिविर के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. एम. एल. गौर ने कहा, "मैं अत्यंत गर्व और आनंद महसूस कर रहा हूँ कि हमारे विश्वविद्यालय ने मेदांता अस्पताल, पटना के साथ मिलकर एक सफल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हम समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा प्रदान कर पाए हैं। यह पहल हमारे विश्वविद्यालय की सामाजिक दायित्वपूर्ण भूमिका को प्रकट करती है और हमारे छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदारी के प्रति भी सही दिशा देती है।" कुलसचिव, डॉ. ब्रिजेश सिंह ने कहा, "हमारे विश्वविद्यालय ने मेदांता अस्पताल, पटना के साथ मिलकर इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस शिविर के माध्यम से हमने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का प्रयास किया है। मैं इस सफल आयोजन में सभी सहयोगियों और स्वास्थ्य परिचारिकाओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।" यह स्वास्थ्य शिविर डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सामाजिक दायित्वों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय ने यह सुनिश्चित किया कि न केवल अपने छात्रों, बल्कि आस-पास के गाँवों के लोगों को भी इस शिविर का लाभ मिले। इस पहल ने समाज के प्रति विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी को और स्पष्ट किया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।







# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण




डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर, वैशाली, बिहार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के आह्वान का अनुपालन करते हुए अपने परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण दिवस पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी डॉ. ब्रिजेश सिंह (कुलसचिव), अमरीश सिंह (छात्र कल्याण अधकारी), ओंकार शरद (सहायक कुलसचिव) एवं HDFC बैंक के मैनेजर श्री गुंजन मिश्रा मौजूद थें| इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में अनेक पेड़ लगाए गए। यह कदम पर्यावरण को सशक्त बनाने और उसकी रक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की गंभीरता को दर्शाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. ब्रिजेश सिंह ने वृक्ष की तुलना मां से की और कहा, "जिस तरह हम अपनी मां का ख्याल रखते हैं, उसी तरह हमें वृक्षों का भी ख्याल रखना चाहिए।" उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने प्रियजनों के नाम पर वृक्ष लगाएं, ताकि यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि उनके प्रियजनों की यादें भी हमेशा के लिए जीवित रहें। HDFC बैंक ने इस अभियान में सहयोग प्रदान किया, और उनके प्रतिनिधि श्री गुंजन मिश्रा ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लिया। इस सहयोग से यह अभियान और भी सफल हुआ और इसका प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया गया।

**अभियान के उद्देश्य**

- **पर्यावरण जागरूकता:** इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय में पर्यावरणीय जागरूकता फैलाना था।
- **सतत विकास:** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ा रहा है और इस तरह के वृक्षारोपण कार्यक्रम इसके एक महत्वपूर्ण भाग हैं।
- **प्रियजनों की याद में वृक्षारोपण:** इस अभियान में लोगों को अपने प्रियजनों के नाम पर वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि यह पर्यावरण को बचाने में योगदान दे सके और साथ ही हमारे प्रियजनों की स्मृति को अमर बनाया जा सके।

**कार्बन उत्सर्जन में कमी:** वृक्षों का पेड़-पौधों के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य प्रदूषकों को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को कम करने में मदद मिलती है।

## डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम

भगवानपुर, बिहार स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में 17 सितंबर 2024 को स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम.एल. गौर, प्रति-कुलपति डॉ. बसंत कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह, और डीन छात्र कल्याण अमरीश कुमार सिंह सहित 55 एनएसएस छात्रों एवं अन्य विश्वविद्यालय छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. एम.एल. गौर ने एनएसएस छात्रों से कहा, "आपका यह स्वच्छता अभियान आपके व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वच्छता का कार्य पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे से करें, ताकि आप एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज में उभर सकें।" प्रति-कुलपति डॉ. बसंत कुमार सिंह ने स्वच्छता की महत्ता पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "स्वच्छता केवल हमारे घरों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, हमें अपने आसपास के वातावरण और समाज को भी साफ रखने का प्रयास करना चाहिए।"

कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "स्वच्छता न केवल हमें एक सुंदर और व्यवस्थित माहौल देती है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है। एक स्वच्छ वातावरण में रहकर हम स्वस्थ रहते हैं।" डीन छात्र कल्याण, अमरीश कुमार ने कहा, "स्वच्छता हमें मानसिक शांति और ताजगी भी देती है। एक स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मानसिकता का प्रतीक है।" स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए, एनएसएस इकाई ने बांथू गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और युद्धस्तर पर सफाई भी की गई। छात्रों ने गांव में सड़क, पुस्तकालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। इस प्रयास को गांव के लोगों ने सराहा और उनके द्वारा भी स्वच्छता की दिशा में पहल की गई।

इसके बाद, एनएसएस इकाई ने किरतपुर राजाराम गांव में भी सफाई अभियान चलाया। छात्रों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और नारे लगाते हुए सफाई कार्य में हिस्सा लिया। छात्रों द्वारा लगाये गए नारे थे:




- "**हमने है यह ठाना** - भारत को है स्वच्छ बनाना"
- "**साफ भारत** - सशक्त भारत"
- "**स्वभाव स्वच्छता** - संस्कार स्वच्छता"

इसके अतिरिक्त, स्वच्छता अभियान के तहत एनएसएस इकाई के छात्रों ने सरकारी विद्यालय के प्रांगण और विश्वविद्यालय के आसपास के निजी क्षेत्रों की भी सफाई की। इसके बाद, छात्र-छात्राओं ने भगवानपुर रेलवे स्टेशन पर जाकर स्टेशन मास्टर की अनुमति से स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।

कार्यक्रम के अंत में, सभी एनएसएस छात्रों ने स्वच्छता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और इसे समाज में फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक रजिस्टर अविनाश सिंह, प्रोफेसर सोनाली सिन्हा, एनएसएस समन्वयक गौरव कुमार और कृषि फार्म प्रभारी अंकित कुमार द्वारा किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान का यह आयोजन न केवल विश्वविद्यालय परिसर, बल्कि आस-पास के गांवों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम साबित हुआ और यह छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी का भावना उत्पन्न करने में सफल रहा।

# डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में पायथॉन और साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला का सफल आयोजन : छात्रों के लिए लाभकारी

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर, वैशाली, बिहार के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पायथॉन और साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला छात्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हुई। इस कार्यशाला में पायथॉन ट्रेनर डॉ. उमेश कुमार और साइबर सिक्योरिटी ट्रेनर श्री अमन कुमार ने विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को इन तकनीकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करना और उन्हें उद्योग में काम करने के लिए तैयार करना था।

**1. पायथॉन प्रोग्रामिंग में दक्षता**

पायथॉन प्रोग्रामिंग एक अत्यधिक उपयोगी और व्यापक रूप से प्रयोग की जाने वाली भाषा है, जो डेटा विज्ञान, वेब विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), और मशीन लर्निंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को पायथॉन के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर इसके प्रैक्टिकल अनुप्रयोगों तक की जानकारी दी गई। डॉ. उमेश कुमार ने छात्रों को पायथॉन के वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया, जिससे छात्रों को यह समझने में मदद मिली कि कैसे वे पायथॉन का उपयोग कर सकते हैं, अपने प्रोजेक्ट्स और भविष्य की परियोजनाओं में।

**2. साइबर सिक्योरिटी का महत्व**

आज के डिजिटल युग में, साइबर सिक्योरिटी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुका है। श्री अमन कुमार ने छात्रों को साइबर हमलों, डेटा सुरक्षा, नेटवर्क सिक्योरिटी और हैकिंग से बचाव के तरीकों पर गहन जानकारी दी। छात्रों को यह समझने का अवसर मिला कि कैसे वे साइबर स्पेस में अपने डेटा और नेटवर्क की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। इस क्षेत्र में कौशल रखने वाले पेशेवरों की उच्च मांग है, और छात्रों को कार्यशाला के माध्यम से इस उद्योग के लिए तैयार किया गया।

**3. विश्वविद्यालय का समर्थन और सहयोग**

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. एल. गौर, प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह, और कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति डॉ. गौर ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक युग में कंप्यूटर की अच्छी जानकारी अत्यंत आवश्यक है और यह छात्रों को बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद करेगी। प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह ने यह बताया कि विश्वविद्यालय की यह विशेषता है कि वह छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करता है, और ऐसे कार्यक्रम रोजगार की दृष्टि से काफी सहायक होते हैं। कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने कहा, "हम समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं ताकि छात्रों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल ज्ञान भी मिल सके, जो उन्हें भविष्य में कंपनियों में कार्य करने में सहायक होगा।" इस कार्यशाला के आयोजन में स्कोप गोलबल स्किल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा का भी योगदान था, जिन्होंने टीचर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इस कार्यशाला में सहायता प्रदान की।

**4. प्रोफेसर्स और मेंटर्स का मार्गदर्शन**

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के **कंप्यूटर साइंस टेक्नोलॉजी** विभाग के विभागाध्यक्ष **प्रो. आशुतोष रंजन**, वर्कशॉप के मेंटर **प्रो. सौरव सिंह**, और विभाग के अन्य शिक्षक जैसे **दीपक कुमार सिंह, मोनेश कुमार, निधि कुमारी, नादिर कमाल, तौकीर अहमद, राजा कुमार, शानू कुमार,** और **अमित कुमार** भी उपस्थित थें। इन शिक्षकों ने कार्यशाला के दौरान छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन और सपोर्ट प्रदान किया, ताकि वे अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

**5. छात्रों के लिए लाभकारी पहलू**

**यह कार्यशाला छात्रों के लिए कई दृष्टिकोण से लाभकारी साबित हुई:**

- **कौशल विकास:** छात्रों को पायथॉन और साइबर सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन ज्ञान प्राप्त हुआ, जो उन्हें अपने पेशेवर जीवन में उपयोगी सिद्ध होगा।
- **प्रैक्टिकल अनुभव:** कार्यशाला में विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें अपने विचारों और कौशल को ठीक से लागू करने की क्षमता मिली।
- **नौकरी के अवसर:** साइबर सिक्योरिटी और पायथॉन प्रोग्रामिंग जैसे क्षेत्रों में कौशल प्राप्त करने से छात्रों को उच्च तकनीकी नौकरियों के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे।
- **आत्मविश्वास:** इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण ने छात्रों को आत्मविश्वास प्रदान किया, जिससे वे भविष्य में अपने कौशल का प्रदर्शन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।





# विश्वविद्यालय में 3डी प्रिंटिंग प्रोद्योगिकी पर विशेषज्ञ व्याख्यान और संवाद सत्रः एक नई शुरुआत

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने हाल ही में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 3डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान और संवाद सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को इस उभरती हुई तकनीक के बारे में गहराई से जानने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. योगी गांधी, पीएच.डी., सीईओ - यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ 3डी टेक्नोलॉजी ओरिंडा, कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भाग लिया। डॉ. गांधी ने अपने 40 से अधिक वर्षों के अनुभव के आधार पर 3डी प्रिंटिंग की दुनिया में गहराई से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यह तकनीक विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, वास्तुकला और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति ला सकती है। डॉ. गांधी ने बताया कि 3डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी भारत के लिए एक सुनहरा अवसर है, खासकर बिहार जैसे राज्य के लिए। उन्होंने इंजीनियरिंग, मेडिकल, कंस्ट्रक्शन, मैकेनिकल और विभिन्न उद्योगों में 3डी प्रिंटिंग के अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे अमेरिका में 3डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय और यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ 3डी टेक्नोलॉजी के बीच एक मजबूत सहयोग स्थापित करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम् एल गौर ने इस सहयोग के लिए डॉ. गांधी का आभार व्यक्त किया। इस सहयोग के तहत दोनों संस्थान मिलकर 3डी प्रिंटिंग पर आधारित अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्मार्ट कौशल पाठ्यक्रम विकसित करेंगे। इसके अलावा, विश्वविद्यालय में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना भी बनाई जा रही है, जहां छात्र 3डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी के साथ प्रयोग कर सकेंगे। यह कार्यक्रम डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के लिए एक नई शुरुआत है। इसने विश्वविद्यालय को 3डी प्रिंटिंग के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बनने का अवसर प्रदान किया है।





## डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय का गौरवः रावचिश रंजन का अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में चयन




डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के मैकेनिकल विभाग के छात्र रावचिश रंजन ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कंपनी ब्लोप्लास्ट लिमिटेड, नैरोबी, केन्या में प्लांट मेंटेनेंस इनचार्ज के पद पर चयनित हुए हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। रावचिश का यह चयन उनकी कड़ी मेहनत, प्रतिभा और तकनीकी ज्ञान का प्रमाण है। ब्लोप्लास्ट लिमिटेड एक प्रसिद्ध कंपनी है जो उच्च गुणवत्ता वाले प्लास्टिक उत्पादों का निर्माण करती है। रावचिश को इस कंपनी में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है जो उनकी क्षमताओं पर विश्वास का प्रमाण है। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने रावचिश को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न तकनीकी परियोजनाओं का परिणाम है। इन परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्राप्त होते हैं, जिससे वे उद्योग जगत में सफलतापूर्वक अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि रावचिश की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और राज्य दोनों के लिए गौरव का विषय है। रावचिश का यह चयन डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के शैक्षिक मानकों और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अवसरों का प्रतिफल है। यह विश्वविद्यालय के तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

# रोजगार सृजन हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

भगवानपुर स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव विश्वविद्यालय के प्रयासों का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करना था।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाली कंपनी **हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड** थी। कंपनी की ओर से मानव संसाधन अधिकारी अभिषेक कुमार और विश्वविद्यालय की ओर से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीत कुमार मौजूद थे। इस आयोजन में कुल 32 अभ्यर्थी थे, जिसमे से कुल 7 छात्र साक्षात्कार के लिए चयनित हुए । कार्यक्रम की शुरुआत में, छात्रों को हिप्रोटेक इंडिया की कार्यप्रणाली और उनके व्यवसायिक दृष्टिकोण की जानकारी दी गई। इसके बाद, छात्रों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें मनीष कुमार और हिमांशु शेखर का चयन हुआ। चयनित छात्रों ने कंपनी में **सॉफ्टवेयर डेवलपर** के पद के लिए अपनी जगह बनाई, जो उनके लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी के एचआर अधिकारी अभिषेक कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि "सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में एक कौशल आधारित विश्वविद्यालय का होना अत्यधिक प्रशंसनीय है। यह विश्वविद्यालय छात्रों को प्रतिस्पर्धी दौर के लिए तैयार कर रहा है। यहां के छात्र आज के उच्चतम प्रतिस्पर्धा में आगे खड़े हैं, और हम भविष्य में लगातार इस विश्वविद्यालय को अपने प्लेसमेंट के लिए पसंद करेंगे।"



विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा, "यह सफलता न केवल चयनित छात्रों के लिए, बल्कि सभी छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक साबित होगी। इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे इस अवसर का लाभ उठा सकेंगे। हम हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमारे विश्वविद्यालय को इस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल किया। चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।"

इस सफल प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से इस विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए और विश्वविद्यालय के कौशल विकास कार्यक्रम को और भी सशक्त किया।

## विश्वविद्यालय द्वारा रोजगार मेला का आयोजन

भगवानपुर स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में एक भव्य मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल नौ कंपनियां विश्वविद्यालय के कैंपस में उपस्थित थीं, जबकि दो कंपनियां ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी थीं। इसमें भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा फाइनेंस, टीम लीज सर्विस, अग्रोस्पेरिटी टेक सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन अग्रीवोलुसन प्राइवेट लिमिटेड (देहात), सुनितिआग्री एलएलपी, एडुवानटेज प्राइवेट लिमिटेड, आइसेक्ट लिमिटेड, टीम प्लस एचआर सर्विसेज, कोडिंग ऐज, और हैप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड शामिल थीं। रोजगार मेले की शुरुआत माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम.एल. गौर, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह, डीन अकादमिक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीत कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए उन्हें फ्लावर पॉट देकर स्वागत किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 320 छात्रों ने नौकरी के लिए अपना पंजीकरण कराया, जिनमें से 150 से अधिक छात्र विभिन्न पदों के लिए चयनित हुए। छात्रों का चयन लिखित परीक्षा, वाद-विवाद और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के छात्रों के अलावा, अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भी पंजीकरण कराया और इस अवसर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान, कुलपति डॉ. एम.एल. गौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को एक ही मंच पर कई कंपनियों से अवसर प्राप्त होते हैं। इससे छात्रों को अपने कौशल और रुचियों के अनुसार नौकरी प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, "इस प्रकार के आयोजन छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।"




कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "जब छात्र पढ़ाई पूरी करके जीवन की प्रतिस्पर्धा में कदम रखते हैं, तो उन्हें पैसे के बजाय अवसरों को प्राथमिकता देनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि अनुभव ही हमें बेहतर विकल्प की तलाश करने में मदद करता है और छात्रों को इस अवसर का सही उपयोग करना चाहिए। इस मेले के माध्यम से विश्वविद्यालय ने न केवल अपने छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए, बल्कि क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया। विश्वविद्यालय के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सफल होने के लिए मार्गदर्शन और अवसर मिल रहे हैं।




# विश्वविद्यालय और भारतीय रबर अनुसंधान केन्द्र का समझौता: बिहार में रबर खेती को मिलेगी नई गति

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर, वैशाली, बिहार और भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम, जो कि रबर बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तहत कार्यरत है, के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर गुरुवार, 12 जुलाई 2024 को हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम.एल. गौर, प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह, स्कोप ग्लोबल विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलसचिव डॉ. सीतेश कुमार सिन्हा, भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. जेस्सी एमडी, सीनियर वैज्ञानिक डॉ. मीना सिंह, और रबर बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. रेजू उपस्थित थे।

समझौता ज्ञापन के तहत, भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान से प्राप्त 300 रबर पौधों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त एक एकड़ भूमि पर लगाया गया है। ये पौधे चार अलग-अलग क्लोनस के रूप में हैं, जो बिहार के जलवायु के अनुकूल विकसित किए गए हैं। इस प्रयोग के माध्यम से यह अध्ययन किया जाएगा कि किस प्रकार की रबर की प्रजाति बिहार राज्य में उत्पादित की जा सकती है और इसके उचित विकास के लिए कौन सा वातावरण उपयुक्त होगा। रबर अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम, बिहार के जलवायु और माटी की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए, रबर के उत्पादन में सुधार के लिए उन्नत विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उत्पादन क्षमता प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में डॉ. एम.एल. गौर ने कहा कि यह समझौता बिहार के कृषि क्षेत्र में नई दिशाएँ तलाशने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, यह समझौता स्थानीय ग्रामीण समुदायों के लिए रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस समझौते की सफलता से बिहार में रबर खेती की तकनीकी और आर्थिक संभावनाओं में सुधार होगा, जिससे राज्य की कृषि वृद्धि और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान मिल सकेगा। इस समझौते के अंतर्गत बिहार राज्य में रबर खेती के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जो राज्य के कृषि क्षेत्र को न केवल नई संभावनाएँ प्रदान करेगा, बल्कि इसे आर्थिक दृष्टिकोण से भी मजबूत करेगा।





# डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता, हाजीपुर**

भगवानपुर स्थित डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया. इस मौके पर उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास और प्रगति की दिशा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कहा कि प्रशासनिक भवन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक नया और सुगम कार्यक्षेत्र प्रदान करेगा. इसके माध्यम से विश्वविद्यालय अपने शिक्षण अनुसंधान कार्यों को और भी सुचारू रूप से चलाने के लिए संकल्पित है. उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय का दिल उसका प्रशासनिक भवन होता है, अगर ये निरंतर कार्यरत है, तो विश्वविद्यालय सुचारू रूप से चलता रहेगा. अंत में कविता के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित किया गया.

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, प्रो अरविंद चतुर्वेदी, कुलपति, डॉ एमएल गौर, प्रति कुलपति डॉ बसंत सिंह, कुलसचिव डॉ ब्रिजेश सिंह, डीन अकादमिक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, डीन छात्र कल्याण अमरीश कुमार एवं आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलसचिव डॉ मुनीश गोविंद, रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के मुख्य वित्तीय एवं लेखा अधिकारी डॉ विनीत शुक्ला के अलावा सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे.



प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करते विश्वविद्यालय कुलाध्यक्ष.

# विवि में लगा रोजगार मेला, 150 छात्रों का चयन

**संवाददाता, हाजीपुर**

भगवानपुर स्थित डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया. इस रोजगार मेले में कुल नौ कंपनियां विश्वविद्यालय कैंपस में तथा दो कंपनियां ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुई. इसमें भाग लेने वाली कंपनी महिंद्रा फाइनेंस, टीम लीज सर्विस, अग्रोस्पेरिटी टेक सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन अग्रीवोलुसन प्राइवेट लिमिटेड (देहात), सुनितिअग्री एलएलपी, एडूवानटेज प्राइवेट लिमिटेड, आइसेक्ट लिमिटेड, टीम प्लस एचर सर्विसेज, कोडिंग ऐज, हैप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड थीं.



पौधा देकर अतिथि का स्वागत करते शिक्षक.

मेले की शुरुआत अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ एमएल गौर, कुलसचिव डॉ ब्रिजेश सिंह, डीन अकादमिक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो संजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कंपनी से आये प्रतिनिधियों को बुके देकर स्वागत किया गया. इस रोजगार मेला में कुल 320 छात्र ने नौकरी के लिए अपना पंजीकरण करवाया, जिसमे 150 से अधिक छात्र चयनित हुए. छात्रों का चयन लिखित परीक्षा, वाद-विवाद एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया गया. इस आयोजन में विश्वविद्यालय के अलावा बाहर के भी छात्र ने भी अपना पंजीयन करवाया. डॉ गौर ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के लिए अनेकों कंपनी एक साथ एक मंच पर लाती है. इससे प्रतिभागी अपने इच्छानुसार नौकरी प्राप्त कर सकते है. वहीं कुलसचिव डॉ ब्रिजेश सिंह ने कहा कि छात्र जब पढाई से निकलकर जिंदगी की प्रतिस्पर्धा में शामिल होता है, तो उसे पैसे से अधिक अवसर को वरियता देनी चाहिए.

# निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**हाजीपुर (एसएनबी)।** डॉ० सी० वी० रमण विश्वविद्यालय, भगवानपुर एवं जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल, पटना के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गयाद्य शिविर में मुख्य चिकित्सक के रूप में डॉ० ज्योत्स्ना मौजूद थीद्य वही विश्वविद्यालय की ओर से मुख्य आयोजक के रूप में डीन छात्र कल्याण अमरीश कुमार सिंह मौजूद थें। शिविर में निःशुल्क वजन, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑक्सीजन लेवल जांच एवं डॉक्टरी परामर्श की व्यवस्था की गई थी। शिविर में विश्वविद्यालय के अतिरिक्त आसपास के गांव जैसे बांथू, किरतपुर राजाराम, बेलवर इत्यादि से कल 86 लोगों ने इस चिकित्सीय सुविधा का लाभ उठाया है। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच बढ़ती स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।



जांच शिविर में लोग।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० एम० एल० गौर ने कहा कि मैं अत्यंत गर्व और आनंद महसूस कर रहा हूँ कि हमारे विश्वविद्यालय ने मेदांता अस्पताल, पटना के साथ मिलकर एक सफल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हमने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की है। यह पहल हमारे विश्वविद्यालय की सामाजिक दायित्वपूर्ण भूमिका को प्रकट करती है और हमारे छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदारी के प्रति भी सही दिशा देती है। मैं इस समारोह के सभी सहयोगी तथा समर्थकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। वही कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय ने मेदांता अस्पताल, पटना के साथ मिलकर आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हमने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि मैं इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में सहयोगियों और सभी स्वास्थ्य परिचारिकाओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

दैनिक भास्कर, पटना, बुधवार, 11 सितंबर, 2024

# हमें अपने दिमाग को नवाचार के लिए तैयार करना चाहिए, ताकि अपनी पहचान बना सके

**सिटीरिपोर्टर | हाजीपुर**

स्थानीय भगवानपुर स्थित डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय नव प्रवेशित छात्रों का पाँच दिवसीय स्वागत समारोह दीक्षारंभ के रूप में किया गया। यह कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार से प्रारंभ होकर 14 सितंबर 2024 तक चलेगी। समारोह के प्रथम दिन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएल गौर, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह और मुख्य अतिथि दूरदर्शन के एंकर अर्पिता स्नेह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित की। दीक्षा आरंभ के प्रथम दिन फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के बीटेक, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, बीसीए, पीजीडीसीए के नए छात्रों का दीक्षा आरंभ किया गया। सर्वप्रथम छात्रों को डिप्टी डिन अकादमी प्रो शांतनु द्वारा विश्वविद्यालय के रूल रेगुलेशन के विषय में जानकारी दिया गया। तत्पश्चात ट्रेनिंग, प्लेसमेंट ऑफिसर संजीत ने विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग प्लेसमेंट और कैम्पस लाइफस्टाइल के विषय बताया।

विश्वविद्यालय के नय छात्रों का स्वागत समारोह दीक्षारंभ दूसरे दिन एग्रीकल्चर और साइंस डिपार्टमेंट, तीसरे दिन मैनेजमेंट एंड आर्ट डिपार्टमेंट के नए विद्यार्थियों का दीक्षा फिर छात्रों को संबोधित करते हुए कुल सचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने कहा डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी अपने उज्जवल भविष्य के लिए इस विश्वविद्यालय को चूना इसके लिए आपलोगों का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि यह संस्था आपको अपने गांव जिला में ही नहीं पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने का मौका देगा। आपकी उन्नति के मार्ग में हर समय यह संस्थान आपके साथ है। कुलपति डॉ. एमएल गौर ने कहा हमें के अपने दिमाग को नवाचार के लिए आरंभ होगा।

# आज के दौर में युवाओं के पास कौशल होना महत्वपूर्ण : कुलपति




परिचर्चा में शामिल अतिथि.

## डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय में कौशल चर्चा का हुआ आयोजन

**संवाददाता, हाजीपुर**

भगवानपुर स्थित डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय द्वारा वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे के अवसर पर कौशल चर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा में मुख्य अतिथि डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमएल गौर ने कहा कि आज के दौर में युवाओं का कौशल होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कौशल और व्यावसायिक शिक्षा दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं. छात्र अपनी क्षमता को विकसित करके अपने भविष्य को संवार सकते हैं. आज का दिन हमारे युवाओं के संघर्षों और सफलताओं का

प्रतीक है. इस अवसर पर हम सभी को युवाओं के कौशल और उनकी समृद्धि में लगाव बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए. विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ ब्रिजेश सिंह ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास में ही हमारे देश का भविष्य निहित है. आज के इस अवसर पर हमें ये सोचने का मौका मिलता है कि कौशल शिक्षा के माध्यम से हम युवाओं को अधिक सक्षम और स्वावलंबी बना सकते हैं. हमें पूरा विश्वास है कि हमारे युवा अपने अद्वितीय क्षमताओं को पहचानेंगे और उन्हें समाज और देश के लिए उपयुक्त रूप में निर्माण करेंगे. इस मौके पर डीन छात्र कल्याण अमरीश कुमार सिंह एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो संजीत कुमार के अलावा विश्वविद्यालय के 187 छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

# डॉ.सीवी रमण विवि में प्लेसमेंट का आयोजन

**हाजीपुर** | भगवानपुर स्थित डॉ. सीवी रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गयो यह कंपस ड्राइव विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम सत्र में अध्यनरत छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। इसमें भाग लेने वाली कंपनी हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड थी। जिसमें हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के तरफ से मानव संसाधन अधिकारी अभिषेक कुमार व विश्वविद्यालय की ओर से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीत कुमार मौजूद थे। कुल 07 अभ्यर्थी इस आयोजन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुएेसर्वप्रथम छात्रों को कंपनी के कार्यप्रणाली से अवगत कराया गयो तत्पश्चात इन छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम चयन किया गयो चयनित होने वाले छात्रों में मनीष कुमार एवं हिमांशु शेखर हैं कंपनी के एचआर अभिषेक कुमार ने कहा कि सुदूर ग्रामीण परिवेश में कौशल आधारित विश्वविद्यालय का होना काफी प्रशंसनीय है उन्होंने कहा कि यहा के छात्र आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे खड़े है वें नियुक्ति हेतु लगातार इस विश्वविद्यालय को चुनना पसंद करेंगे। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने छात्रों को बधाई दिया। उन्होनें कहा कि चयनित छात्र अध्यनरत छात्रों के लिए मार्गदर्शक साबित हो सकते है जिससे कि और ज्यादा से ज्यादा छात्र लाभान्वित हो सकते है उन्होंने हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड को प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मलित होने हेतु धन्यवाद दिया।




दैनिक भास्कर, पटना, शनिवार, 7 सितंबर, 2024

# रैंड एफएम 94.3 के टशनबाज कार्यक्रम में छात्रों का जलवा

नृत्य, संगीत, कविता, चित्रकला की प्रतियोगिता में डॉ. सीवी रमन विवि के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**सिटी रिपोर्टर | हाजीपुर**



परफॉर्मेंस के द्वारान विश्वविद्यालय की छात्र छात्राएं ।

स्थानीय डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर वैशाली के कॉलेज परिसर में सुपरहिट रेड एफ एम 94.3 (मुजफ्फरपुर ) की ओर से टशनबाज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नृत्य, संगीत, कविता पाठ, चित्रकला की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे जज के रूप में ग्रुप मैनेजर नीरज कुमार ( ग्रुप, आरजे प्रियदर्शी और घनश्याम सिंह, महिमा, प्रशांत, रौनक, सुभाष और इरफान की मौजूदगी रही। इस कार्यक्रम में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने बड़ी जोश के साथ अपना प्रदर्शन किया। जिसमें नृत्य में पुष्पांजलि, खुशी, अंजलि तृप्ति, स्नेहा, जावेद, संजना, खुशी, गीतांजलि, शुभम सुरभि, रागिनी, आयुषी, श्रेया, पंखुड़ी, अंकित काजल, गुलशन, दिवाकर, साक्षी,अनीशा, कविता पाठ में दिवाकर और ऋतुराज, संगीत में धीरज, आयुष, पल्लवी और अंकित समेत कॉलेज के 28 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएल गौर, विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण अधिकारी अमरीश कुमार सिंह के प्रयास से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**TEAM ACKNOWLEDGMENTS & CREDITS**

**UNIVERSITY TEAM**

Dr. M. L. Gaur - Vice-Chancellor, Dr. C. V. Raman University, Bihar
Dr. Basant Kumar Singh - Pro-Vice Chancellor, Dr. C. V. Raman University, Bihar
Dr. Birjesh Singh - Registrar, Dr. C. V. Raman University, Bihar
Mr. Amrish Kumar Singh - Deputy Registrar, Dr. C. V. Raman University, Bihar
Dr. Dharmendra Kumar Singh - Dean Academic, Dr. C. V. Raman University, Bihar
Lt. Rishu Kumar - ANO & PRO, Dr. C. V. Raman University, Bihar

**CREATIVE TEAM**

Concept & Direction: Dr. Aditi Chaturvedi, Director, AGU
Content & Design Coordination: Shakshi Chouhan
Design: Pawan Chourasia, Graphic Designer